श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
13.08.2026
श्रावण शुक्लपक्ष प्रतिपदा संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 349

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:23 बजे
अस्त - 06:41 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.


# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...




डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

थानों में रोज तीन घंटे लगेगा जनता दरबार >> पेज 03

'राका' की रिलीज से पहले लीक हुआ दीपिका का रोल >> पेज 05

**सुविचार**

अगर आप चढ़े नहीं तो गिर नहीं सकते। लेकिन पूरी ज़िंदगी जमीन पर रहने में कोई खुशी नहीं है।

**न्यूज अपडेट्स**

### तमिलनाडु व मिजोरम में एनआईए की 13 ठिकानों पर छापेमारी, 71 लाख रु और विदेशी मुद्रा बरामद




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नवंबर 2024 में अंडमान सागर के निकट एक म्यांमार की नाव से 6016.87 किलोग्राम मेथामफेटामाइन बरामदगी के मामले में बुधवार को तमिलनाडु और मिजोरम में 13 ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। एनआईए की टीमों ने तमिलनाडु में आठ और मिजोरम में पांच स्थानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। एनआईए के अनुसार, तलाशी के दौरान चेन्नई में 71 लाख रुपये, 53,500 अमेरिकी डॉलर और 1.50 लाख म्यांमार क्यात बरामद किए गए। इसके अलावा मिजोरम के चम्फाई से 22.38 लाख रुपये और आइजोल स्थित एक ठिकाने से 20.73 लाख रुपये बरामद हुए। एजेंसी इन बरामदगियों और जब्त डिजिटल उपकरणों के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े व्यापक नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। मामला नवंबर 2024 में उस समय सामने आया था, जब बंगाल की खाड़ी में बैरन द्वीप के पास एक म्यांमार की नाव से भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन के साथ सैटेलाइट फोन और अन्य सामान बरामद किया गया था। इस संबंध में अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने मामला दर्ज कर छह म्यांमार नागरिकों को गिरफ्तार किया था।

**सियासत** — **अमित शाह ने विपक्ष को दी चर्चा की चुनौती, कहा-**

# मैं चर्चा के लिए तैयार हूं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष आज दोपहर तीन बजे तक लोकसभा अध्यक्ष को चर्चा के लिए पत्र दे, सरकार तीन बजे से अगले दिन तीन बजे तक चर्चा कराने के लिए तैयार है और वह स्वयं सदन में मौजूद रहकर सभी सवालों का जवाब देंगे। शाह ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से वह नियमित रूप से संसद आ रहे हैं और अपने कक्ष में मौजूद रहते हैं, लेकिन विपक्ष दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा है। ऐसे में सदन के भीतर जाकर भी क्या किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब जनता को तय करना चाहिए कि वास्तव में कौन भाग रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सरकार नीट से संबंधित छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के सभी पहलुओं पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की शुरूआती मांग थी कि चर्चा के लिए समय निर्धारित किया जाए और सरकार इसके लिए सहमत हो। वह स्वयं भी संसद में उठाए जाने वाले हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं, लेकिन विपक्ष चर्चा होने ही नहीं देना चाहता। उन्होंने कहा



कि सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। शाह ने कहा कि सरकार केवल बयान देने के बजाय संसदीय नियमों और स्थापित प्रक्रियाओं के तहत विस्तृत चर्चा के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि गंभीर विषयों पर संसद में विस्तार से चर्चा होती है और यही संसदीय तरीका है। शाह ने कहा कि वह चर्चा को आज दोपहर तीन बजे से शुरू कर अगले दिन तीन बजे तक जारी रखने के लिए तैयार हैं। जरूरत पड़ने पर देर रात तक सदन में बैठने और चर्चा जारी रखने के लिए भी वह तैयार हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि लोकसभा अध्यक्ष अनुमति दें तो प्रश्नकाल को स्थगित कर चर्चा को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह पूरी चर्चा के दौरान सदन में बैठेंगे, सभी सदस्यों की बातें सुनेंगे, महत्वपूर्ण बिंदुओं पर नोट्स लेंगे और हर सवाल का जवाब देंगे, ताकि देश की जनता के सामने पूरे मामले की सच्चाई स्पष्ट हो सके। गृह मंत्री ने विपक्ष से कहा कि अब उसे तय करना है कि वह संसद में चर्चा करना चाहता है या हंगामा करना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष को संसद की कार्यवाही चलने देनी चाहिए। शाह ने यह भी कहा कि लापता और भाग गए जैसे शब्द हाल के समय में देश के सार्वजनिक और संसदीय विमर्श में अधिक सुनाई देने लगे हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा उनकी संसद में मौजूदगी को लेकर उठाए जा रहे सवालों के संदर्भ में कहा कि वह सत्र शुरू होने के बाद से लगातार संसद आ रहे हैं और सदन की कार्यवाही चलने की स्थिति में सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

### सरकार संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आंदोलन पर चर्चा को तैयार : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा कि सरकार संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आंदोलन के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष से चर्चा कर इस विषय पर पर्याप्त समय आवंटित करने का अनुरोध किया है। अमित शाह ने पत्र में कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में सरकार की ओर से संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आंदोलन के मुद्दे पर चर्चा के लिए सहमति दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के आग्रह पर पहले ही संसद के मौजूदा सत्र में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा हो चुकी है, जिसमें विपक्ष के किसी भी सांसद ने नीट परीक्षा के संबंध में सदन में कोई विचार व्यक्त नहीं किया। इसके बावजूद सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए फिर तैयार है। गृहमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि विपक्ष से चर्चा कर आपसी सहमति से आज से जितना समय और जितने घंटे उचित समझें, उतना समय इस मुद्दे पर चर्चा के लिए आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के दौरान वह सदन में उपस्थित रहकर इस मुद्दे पर चर्चा में भाग लेना चाहते हैं और विपक्ष के सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तैयार हैं। शाह ने कहा कि लोकतंत्र में चर्चा और संवाद से ही समाधान निकलता है। उन्होंने कहा कि उन्हें लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं में अटूट विश्वास है और उनका मानना है कि सदन चर्चा और संवाद के लिए ही है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से विपक्ष के नेताओं से चर्चा कर इस महत्वपूर्ण विषय पर सदन में अच्छा वातावरण बनाने का आग्रह किया ताकि पक्ष और विपक्ष के सभी सदस्य इस मुद्दे पर अपने विचार प्रस्तुत कर सकें।

**गृहमंत्री के चर्चा के प्रस्ताव पर राहुल गांधी का पलटवार**

## भाषण नहीं, छात्रों पर कार्रवाई का जवाब चाहिए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संसद में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा के लिए सरकार के तैयार होने और विपक्ष को 24 घंटे का समय देने के बयान पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष गृहमंत्री का भाषण सुनने में रुचि नहीं रखता। उनकी मांग केवल यह जानने की है कि दिल्ली में छात्रों पर गोली चलाने और उनके खिलाफ बल प्रयोग का आदेश किसने दिया था। राहुल गांधी ने बुधवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विपक्ष यह जानना चाहता है कि छात्रों पर गोली किसने चलाई, गोली चलाने का आदेश किसने दिया, एक छात्र की आंखों की रोशनी किस तरह गई और एक छात्र के कान में गोली किसने मारी। छात्रों पर लाठी चलाने और कथित तौर पर कीलों वाले डंडों के इस्तेमाल का आदेश किसने दिया, इसका जवाब गृहमंत्री को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस और आरएएसी गृह मंत्रालय के अधीन हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने छात्रों पर कार्रवाई का आदेश दिया था या नहीं, उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए। अगर शाह ने



आदेश दिया था तो उन्हें इस्तीफा देना चाहिए और अगर उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी तो भी उन्हें अपनी जिम्मेदारी को लेकर इस्तीफा देना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि सवाल यह नहीं है कि अमित शाह संसद में आकर क्या भाषण देंगे। विपक्ष छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर स्पष्ट जवाब चाहता है। पिछले 20 दिनों से गृहमंत्री संसद में इस मुद्दे पर सामने नहीं आए और अब सत्र के अंतिम दौर में चर्चा की पेशकश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से यह कहा जा रहा है कि गृहमंत्री सभी सवालों का जवाब देंगे लेकिन विपक्ष पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह किस सवाल का जवाब चाहता है। वह छात्रों के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा के पक्ष में नहीं हैं और इस मुद्दे पर खुले तौर पर अपनी बात रख रहे हैं। इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि सरकार छात्रों के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े हर पहलू पर चर्चा के लिए तैयार है। शाह ने कहा कि विपक्ष बुधवार दोपहर तीन बजे तक लोकसभा अध्यक्ष को चर्चा के लिए पत्र दे तो सरकार तीन बजे से अगले दिन तीन बजे तक चर्चा कराने के लिए तैयार है और वह खुद पूरी चर्चा के दौरान सदन में मौजूद रहकर सभी सवालों का जवाब देंगे। मानसून सत्र शुरू होने के बाद से वह नियमित रूप से संसद आ रहे हैं और अपने कक्ष में मौजूद रहते हैं, लेकिन विपक्ष दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा है।

**रिम्स में सीटें बढ़ाने व 830 करोड़ रु. की योजनाओं पर चर्चा**

# यूजी की 250 व पीजी की 275 सीटें होंगी

**रांची।** रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में मेडिकल शिक्षा के विस्तार और अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर बुधवार को नेपाल हाउस में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में मेडिकल सीटों में वृद्धि के साथ आधारभूत संरचना के विस्तार, मरीजों की भर्ती-डिस्चार्ज व्यवस्था और संस्थान की नियमावली में बदलाव को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि रिम्स में यूजी सीटों की संख्या 180 से बढ़ाकर 250 करने की तैयारी है। इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने सीट वृद्धि के लिए सैद्धांतिक रूप से शर्तों के साथ मंजूरी दी है। वहीं, पीजी सीटों को 176 से बढ़ाकर 275 और पोस्ट-पीजी सीटों को 11 से बढ़ाकर 100 करने के लिए भी



डीपीआर तैयार करने पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सीटों में वृद्धि के अनुरूप रिम्स के पुराने आईपीडी, ओपीडी और एकेडमिक ब्लॉक के रेनोवेशन एवं विस्तार की जरूरत होगी। इन कार्यों का प्रस्ताव सेंट्रल स्पॉन्सर्ड स्कीम के तहत भेजा जाएगा। इन पर करीब 380 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। रिम्स के नॉर्थ और साउथ कैंपस स्थित हॉस्टल एवं क्वार्टर के रेनोवेशन को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। पीजी एवं पोस्ट-पीजी हॉस्टल और स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के विकास का प्रस्ताव पीपीपी मोड में तैयार किया जा रहा है। इन कार्यों पर करीब 450 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। बैठक में मरीजों के एडमिशन और डिस्चार्ज के लिए स्पष्ट एसओपी तैयार करने का निर्देश दिया गया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उपचार पूरा होने के बाद चिकित्सकीय सलाह के अनुसार मरीजों को समय पर डिस्चार्ज किया जाए, ताकि गंभीर मरीजों के लिए बेड उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बिना रेफरल मरीजों की भर्ती को नियंत्रित करने और केवल आवश्यक मामलों में ही भर्ती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके अलावा 2014 की रिम्स नियमावली को वर्तमान जरूरतों के अनुरूप पुनर्गठित करने तथा स्वीकृत एवं कार्यरत पदों की संरचना की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया गया।बैठक में अपर सचिव शशि प्रकाश सिंह, रिम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. डीके सिन्हा, सहायक निदेशक बाघमारे प्रसाद कृष्ण सहित रिम्स एवं स्वास्थ्य विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## के राजू 15 को आएंगे रांची, विभिन्न सांगठनिक बैठकों में होंगे शामिल

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू पांच दिवसीय दौरे पर 15 अगस्त को रांची आएंगे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव और मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि कांग्रेस प्रभारी 16 अगस्त को धनबाद संसदीय क्षेत्र के पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन 17 अगस्त को हुए लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करेंगे, जबकि 17 अगस्त को ही कांग्रेस प्रभारी शाम में रांची स्थित होटल बीएनआर में झारखंड प्रोफेशनल कांग्रेस के पदाधिकारी की बैठक में भी शामिल होंगे।लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि कांग्रेस प्रभारी 18 अगस्त को



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इन बैठकों में संबंधित संसदीय क्षेत्र की पार्टी गतिविधियों की समीक्षा बैठक की जाएगी। बैठक में संबंधित संसदीय प्रभारी, सह-प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और प्रदेश सचिव के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष और एसआईआर प्रशिक्षक उपस्थित रहेंगे।

# जपला मुख्य डाकघर के डाककर्मियों एवं अभिकर्ताओं ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा




**बंशीधर न्यूज**

**हुसैनाबाद :** वंदेमातरम की भावना को समर्पित हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को जपला मुख्य डाकघर के डाककर्मियों एवं अभिकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का उद्देश्य लोगों के बीच राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना तथा हर घर तिरंगा फहराने के लिये आमजन को प्रेरित करना था। तिरंगा यात्रा जपला मुख्य डाकघर से शुरू होकर अंबेडकर चौक, जय प्रकाश चौक, हैदरनगर रोड, पटेल चौक, मधुशाला रोड एवं गांधी चौक होते हुए पुनः मुख्य डाकघर पहुंचकर समाप्त हुई। जपला मुख्य डाकघर के उप डाकपाल अरविंद कुमार ओझा ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने आम लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि डाकघर में तिरंगा झंडा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आमजन 25 रुपये देकर डाकघर के काउंटर से तिरंगा झंडा खरीद सकते हैं और अपने-अपने घरों पर सम्मानपूर्वक फहरा सकते हैं। तिरंगा यात्रा में अरविंद कुमार ओझा, विनोद चौधरी, राजेश कुमार, अनिल कुमार ओझा, श्याम कुमार, अभिषेक प्रभाकर, धीरेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार सिंह, सूरज वेदियां, कुलदीप सिंह, देवेंद्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, राकेश तिवारी, संतोष ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार, अरुण सिंह, सुधीर ठाकुर, अरुण हलुवाई, अक्षय कुमार, कुंदन किस्कु, सुधीर प्रसाद, सोमनाथ एवं अभिषेक सहित बड़ी संख्या में डाककर्मी एवं अभिकर्ता शामिल थे।

## न्यूज अडेट्स

### शिक्षक-कोचिंग संचालक की तलाश में सीआइडी, 09 दिनों में दूसरी रेड

**मेदिनीनगर।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षाओं में कथित धांधली के तार पलामू से भी जुड़े हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को 09 दिनों के भीतर दूसरी बार सीआईडी ने पलामू में दबिश दी। टीम शिक्षक संतोष कुमार सिंह और कोचिंग संचालक रविशंकर कुमार की तलाश में उनके घरों पर पहुंची थी। सीआईडी टीम दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए वारंट के साथ पहुंची थी। हालांकि, परीक्षाओं में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद से ही संतोष कुमार सिंह और रविशंकर कुमार फरार चल रहे हैं। रविशंकर रांची में एक कोचिंग सेंटर चलाता है। सीआईडी की टीम शहर थाना पुलिस के साथ संतोष कुमार सिंह के हमीदगंज स्थित बीएन कॉलेज के पास वाले घर पर पहुंची। वहीं, जीएलए कॉलेज के पास रविशंकर के आवास पर भी दबिश दी गई। टीम ने दोनों के परिवार वालों से पूछताछ कर जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस के अनुसार, दोनों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। परिवार वालों को गिरफ्तारी वारंट की जानकारी दे दी गई है। इस पूरे मामले में 03 अगस्त को हुई कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उस दिन सीआईडी और पलामू पुलिस की संयुक्त टीम ने मेदिनीनगर और नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में एक साथ तीन स्थानों पर छापेमारी की थी। टीम ने पांच घंटे तक घरों के एक-एक कमरे, अलमारी, दस्तावेज और अन्य सामान की बारीकी से जांच की थी। तलाशी के दौरान कुछ संदिग्ध कागजात और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए थे। जानकारी के मुताबिक, पलामू में यह कार्रवाई जेपीएससी नियुक्ति में गड़बड़ी के मामले में गिरफ्तार परीक्षा माफिया अभय तिवारी से पूछताछ के दौरान मिले इनपुट के आधार पर की गई थी। इसी इनपुट के बाद सीआईडी की अलग-अलग टीमों ने एक साथ कार्रवाई की थी।

**निरीक्षण** रमना के तीन स्कूलों में सघन जांच

# बच्चों को खिलाया जा रहा एक्सपायर्ड सब्जी मसाला

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को रमना प्रखंड के विद्यालयों में संचालित मिड डे मील की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा की जांच को लेकर सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा-3 किरण हेमब्रम के नेतृत्व में टीम ने तीन विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक स्कूल में एक्सपायर्ड मसाले के इस्तेमाल का मामला सामने आया, जबकि दो विद्यालयों में निर्धारित मेनू और भोजन की मात्रा में कमी पाई गई। टीम ने सबसे पहले उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमना का निरीक्षण किया। यहां बच्चों को निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा था। रसोईघर की साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं मिली। जांच के दौरान सब्जी बनाने में मॉडर्न कंपनी के एक्सपायर्ड सब्जी मसाले का इस्तेमाल पाया गया। टीम ने मसाले को तत्काल जब्त कर लिया। संयोजिका रेनू देवी को कड़ी चेतावनी देते हुये खाद्य सामग्री के इस्तेमाल से पहले उसकी गुणवत्ता और वैधता की जांच करने का निर्देश दिया गया। पेयजल के लिये टंकी के पानी की व्यवस्था मिलने पर स्कूल प्रबंधन को आवश्यक सुधार का निर्देश दिया गया। इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रमना का निरीक्षण किया गया। यहां रसोईघर की साफ-सफाई संतोषजनक मिली। छात्राओं को निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन दिया जा रहा था तथा तेल और मसाले भी मानकों के अनुरूप पाये गये। पेयजल के लिये फिल्टर और आरओ की सुविधा उपलब्ध थी। पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय, सिलिदाग-1 में रसोईघर की व्यवस्था असंतोषजनक मिली। निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन नहीं देने के साथ बच्चों को तय मात्रा से कम भोजन दिये जाने की जानकारी मिली। संयोजिका और विद्यालय प्रभारी को कड़ी हिदायत दी गई। निरीक्षण टीम में खाद्य सुरक्षा कार्यालय के विवेक तिवारी और संतोष कुमार भी शामिल थे।

## अस्पताल में इलाजरत देवेंद्रनाथ ने सत्याग्रह स्थल जाने की मांगी अनुमति



**रांची।** सदर अस्पताल, रांची में इलाजरत छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद फिर से जयपाल सिंह स्टेडियम में चल रहे सत्याग्रह आंदोलन में शमिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने बुधवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के 11वें दिन सत्याग्रह स्थल जाने की अनुमति के लिए सदर अस्पताल के सिविल सर्जन को पत्र लिखा है। पत्र में देवेंद्रनाथ ने कहा कि उनका शरीर अस्पताल के बिस्तर पर इलाजरत है, लेकिन उनकी आत्मा और संघर्ष का संकल्प सत्याग्रह स्थल पर है। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में झारखंड के छात्र और युवा अपने भविष्य, अधिकार और न्याय के लिए आंदोलन कर रहे हैं और वे स्वयं भी इस संघर्ष से अलग नहीं होना चाहते। उन्होंने सिविल सर्जन से आग्रह किया कि उन्हें चिकित्सकीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए सत्याग्रह स्थल पर जाने की अनुमति प्रदान की जाए। उल्लेखनीय है कि जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं मामले पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह के बीच विधानसभा मार्च के बाद आंदोलनरत महतो की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देवेंद्रनाथ महतो ने उम्मीद जताई कि उन्हें सत्याग्रह स्थल पर जाकर आंदोलनरत छात्रों के साथ खड़े होने की अनुमति मिलेगी।

## सीबीआई के वकील ने रांची के ट्रैफिक एसपी पर लगाया अभद्र व्यवहार करने का आरोप, डीजीपी से शिकायत

**रांची।** सीबीआई के अधिवक्ता दविंदर पाल सूद ने रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह के खिलाफ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में बुधवार को डीजीपी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की है। सूद ने आरोप लगाया है कि ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने उन्हें धमकाया और सीबीआइ जैसी प्रतिष्ठित संस्था का अपमान किया। दविंदर पाल सूद ने अपनी शिकायत में बताया कि 10 अगस्त 2026 की शाम को वे सीबीआई की विशेष अदालत में पेशी निपटाकर अपने कार्यालय लौट रहे थे। इस दौरान रांची में जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्रों के प्रदर्शन के कारण सडक पर भारी जाम की स्थिति थी। पत्र के अनुसार राजभवन का रास्ता पूरी तरह से बंद था, इसलिए उन्हें रातू चौक के पास जज कालोनी रोड की ओर मुड़ना पड़ा। वहां भी एक तरफ से सड़क बंद थी, लेकिन बगल की गली से पुलिस वाहनों को गुजरने दिया जा रहा था। उन्होंने वहां तैनात एक ट्रैफिक कर्मी से बगल की गली से गुजरने की अनुमति मांगी, लेकिन उन्हें बड़े अधिकारियों से अनुमति लेने को कहा गया। सूद ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह से विनम्रतापूर्वक अनुमति मांगी और अपनी पहचान बताई, तो एसपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा, 'ये रास्ता पुलिस वालों के लिए है। तेरे लिए नहीं है। जब सूद ने कहा कि सीबीआई भी केंद्रीय पुलिस संगठन का हिस्सा है, तो एसपी ने कथित तौर पर कहा, 'तू जो भी है मुझे क्या लेना, बोल दिया ना तुझे बड़ा आया सेंटर वाला। पत्र के अनुसार, जब उन्होंने विरोध जताया तो एसपी ने मुक्का दिखाते हुए उन पर हमला करने की कोशिश की और धमकी दी, 'तू सिखाएगा मुझे अब... तेरी रिक्वेस्ट रिजेक्ट है... चल निकल यहां से... निकलता है कि नहीं तू। पत्र में वकील ने अपनी शिकायत में सबसे गंभीर आरोप यह लगाया कि ट्रैफिक एसपी ने सीबीआई जैसी संस्था का भी अपमान किया। उन्होंने कहा कि वे कोई विशेष सुविधा नहीं मांग रहे थे, बल्कि आधे घंटे से जाम में फंसे होने के कारण मदद मांग रहे थे। अगर एसपी ने सामान्य तरीके से मना कर दिया होता तो वे बिना किसी आपत्ति के वहां से चले जाते। सीबीआई प्रासिक्यूटर ने डीजीपी से ट्रैफिक एसपी के आचरण की जांच कराने, उनके स्वभाव और संवेदनशील कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी के लिए उपयुक्तता का आकलन करने और पुलिस मैनुअल के नियमों का पालन कराने के निर्देश देने की मांग की है। पत्र के जरिये वकील ने कहा कि यह मामला सिर्फ व्यक्तिगत अभद्रता का नहीं, बल्कि एक सरकारी अधिकारी के आचरण और संस्थागत गरिमा का सवाल है। उन्होंने कहा कि अगर एक आइपीएस अधिकारी सरकारी अधिकारी के साथ ऐसा व्यवहार कर सकता है, तो आम नागरिकों के साथ उनका व्यवहार कैसा होगा, यह एक गंभीर चिंता का विषय है।

## विधानसभा मार्च में देवेंद्रनाथ पर लाठीचार्ज का आरोप, बचाने पहुंचे शिवम भी घायल



**रांची।** विधानसभा घेराव के दौरान रात में पुलिस की ओर से छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो पर लाठीचार्ज किए जाने का आरोप लगाया गया है। उनके साथ मौजूद शिवम ने दावा किया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान देवेंद्रनाथ महतो पर गंभीर हमला किया गया। उन्होंने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वे देवेंद्रनाथ महतो को बचाने के लिए आगे आए और उन्हें वहां से सुरक्षित निकालने का प्रयास किया। शिवम के अनुसार, देवेंद्रनाथ महतो को बचाने के दौरान उन्हें भी पुलिस के लाठीचार्ज का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पुलिस की लाठियां झेलते हुए उन्होंने देवेंद्रनाथ महतो को बचाया। इस दौरान उन्हें भी चोटें आईं और उनकी स्थिति बिगड़ गई। फिलहाल उनका इलाज रांची सदर अस्पताल में चल रहा है। उनके मुताबिक, चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है और हालत गंभीर बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं सहित विभिन्न मांगों को लेकर छात्र आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पूरे घटनाक्रम की जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा**

# सीएजी रिपोर्ट ने खोली सरकार की विफलताओं की पोल



**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट ने हेमंत सरकार की प्रशासनिक अक्षमता, योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं की गंभीर तस्वीर सामने रखी है। गरीबों के घर, ग्रामीण रोजगार और हर घर तक नल से जल पहुंचाने जैसी बुनियादी योजनाओं में भी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास को लेकर केवल लंबी-लंबी बातें करती है परंतु जमीनी हकीकत इससे इतर है। सरकार का डाटा ही उनकी पोल खोल रहा है। बुधवार को पार्टी कार्यालय में मरांडी प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में टेंडर प्रक्रिया और काम की गति को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। कई निविदाओं में बेहद कम प्रतिस्पर्धा रही और कुछ मामलों में अनुमानित लागत से अधिक दर पर काम दिए गए। सीएजी ने एक ऐसे संवेदक को भी अलग-अलग निविदाओं के माध्यम से करीब 148 करोड़ के काम दिए जाने पर सवाल उठाया, जिसकी निविदा क्षमता नकारात्मक थी। उन्होंने कहा कि कुछ निविदाओं में मिलीभगतपूर्ण बोली के संकेत भी सीएजी जांच में सामने आए। रांची-पूर्वी और खूंटी प्रमंडल की निविदाओं में केवल दो बोलीदाता थे और जांच में दोनों के डिमांड ड्राफ्ट एक-दूसरे द्वारा खरीदे जाने की बात सामने आई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में राज्य सरकार की देरी का खामियाजा गरीब परिवारों को भुगतना पड़ा। लक्ष्य और लाभार्थियों को अंतिम रूप देने में हुई देरी के कारण 22.34 लाख पात्र परिवारों में से 6.32 लाख परिवार योजना से बाहर रह गए। उन्होंने कहा कि मनरेगा में भी राज्य सरकार की लापरवाही सामने आई है। योजना के लिए निधियां 40 से 55 दिनों की देरी से जारी की गईं, जबकि मनरेगा का उद्देश्य ही जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराना है। सीएजी ने जांच में ऐसे खर्च भी पाए जिन्हें योजना के तहत स्वीकार्य नहीं माना गया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट ने सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन को भी उजागर किया है। 31 मार्च 2025 तक 1,60,565 करोड़ के खर्च से जुड़े उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित थे, जबकि 2024-25 के 1,50,938.84 करोड़ के बजट में 31,110 करोड़ (20.61 प्रतिशत) खर्च नहीं हो सका। वहीं 13 केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए मिले 1,916.63 करोड़ में से 596.02 करोड़ (31.10 प्रतिशत) बिना उपयोग के पड़े रहे। यह बताता है कि सरकार न तो उपलब्ध राशि का समय पर उपयोग कर पा रही है और न ही खर्च का समुचित हिसाब प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट केवल अलग-अलग योजनाओं की कमियां नहीं बताती, बल्कि हेमंत सरकार की पूरी प्रशासनिक और वित्तीय कार्यशैली पर सवाल खड़ा करती है। गरीबों को घर नहीं मिल रहा, ग्रामीणों को समय पर रोजगार नहीं मिल रहा, हर घर तक पानी पहुंचाने की योजना गंभीर अनियमितताओं से घिरी हुई है और दूसरी ओर सरकार उपलब्ध बजट तथा केंद्र से मिली राशि का भी पूरा उपयोग नहीं कर पा रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब केंद्र सरकार गरीबों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संसाधन उपलब्ध करा रही है, तब राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू करे। लेकिन सीएजी की रिपोर्ट बताती है कि सरकार राशि खर्च करने, खर्च का हिसाब देने और योजनाओं को जमीन पर उतारने—तीनों मोर्चों पर विफल रही है।

# गढ़वा : एसपी की अध्यक्षता में मासिक गोष्ठी, लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन का निर्देश



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बुधवार को एसपी आशुतोष शेखर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय के सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी हुई। इसमें जिले के सभी थाना एवं ओपी क्षेत्रों की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के अनुसंधान और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने और असामाजिक गतिविधियों पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया। थाना में संधारित सभी पंजियों को समय पर अद्यतन रखने, चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिये निगरानी बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। चिनिया और नगर उंटारी थाना को विशेष रूप से सतर्क रहने का निर्देश दिया गया। एसपी ने केस डायरी में घटनाओं का स्पष्ट व तथ्यात्मक उल्लेख करने, न्यायिक हिरासत से हाल में बाहर आये अपराधियों पर निगरानी रखने तथा गुमशुदा व्यक्तियों से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई करने को कहा। मालखाना प्रदर्श एवं एनडीपीएस से संबंधित वस्तुओं का नियमानुसार निष्पादन और सीमावर्ती थाना क्षेत्रों से बेहतर समन्वय कर पशु तस्करी पर रोक लगाने का निर्देश दिया। नशाखोरी, बाल विवाह, डायन-बिसाही और अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ थाना स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने तथा स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों पर लोगों और विद्यार्थियों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। वाहनों की नियमित जांच, एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई और ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में एससी-एसटी, पॉक्सो, नक्सल, साइबर अपराध, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, आईटी एक्ट समेत विभिन्न मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया। वारंट-कुर्की, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन का कार्य समय-सीमा में पूरा करने तथा ई-साक्ष्य पर कांडों की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था और आम लोगों की शिकायतों का त्वरित निराकरण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी और संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## न्यूज अपडेट्स

### सशक्त युवा, सशक्त भारत थीम पर विधिक जागरूकता शिविर

**गढ़वा :** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बुधवार को नालसा के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में कधवन उच्च विद्यालय में सशक्त युवा, सशक्त भारत थीम पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के साथ विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी सुधीर कुमार चौबे, पंकज कुमार एवं विकास कुमार ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व, नशामुक्ति, बाल संरक्षण, साइबर अपराध से बचाव और निःशुल्क विधिक सहायता सहित कई विषयों पर जानकारी साझा की। पीएलवी ने विद्यार्थियों को बताया कि युवा देश की महत्वपूर्ण शक्ति हैं। अपने अधिकारों की जानकारी रखने के साथ उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिये। उन्होंने विद्यार्थियों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या ऑनलाईन ठगी की स्थिति में सावधानी बरतने की अपील की। शिविर में नशे से होने वाले नुकसान और युवाओं पर इसके दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुये विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं अपने अधिकारों एवं कानून के प्रति जागरूक बनें और अपने आसपास के अन्य युवाओं को भी जागरूक करें।

## पलामू

### एसपी ने पुलिस अफसरों के साथ की अपराध गोष्ठी

# थानों में रोज तीन घंटे लगेगा जनता दरबार

### संवेदनशील स्थानों पर लगेंगे सीसीटीवी

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिये एसपी कपिल चौधरी ने बुधवार को पुलिस अफसरों के साथ अपराध गोष्ठी की। ब्लॉक-बी स्थित सभागार में आयोजित बैठक में जिले के सभी एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक, थाना एवं ओपी प्रभारी तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारी शामिल हुये। बैठक में लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, अनुसंधान में तेजी, अपराधियों की निगरानी, लंबित वारंट व कुर्की के निष्पादन तथा गश्ती व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा हुई। गश्ती दल की निगरानी और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिये क्यूआर कोड स्कैन व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। एसपी ने मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने, डायल-112 की व्यवस्था को और बेहतर करने तथा बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। साथ ही पिछली अपराध गोष्ठी में दिये गये निर्देशों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। पिछले दस वर्षों में जेल से बाहर आये अपराधियों, विशेषकर लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, चोरी और गृहभेदन जैसे मामलों में संलिप्त रहे अपराधियों का सत्यापन कर उन पर लगातार नजर रखने को कहा गया। सोशल पुलिसिंग को जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एसपी ने नई पहल शुरू करते हुये सभी थाना प्रभारियों को प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक थाना परिसर में जनता दरबार लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे और आम लोगों की शिकायतें सुनकर उनके त्वरित समाधान की दिशा में कार्रवाई करेंगे।

अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिये जिले के सभी पेट्रोल पंप, अस्पताल, स्कूल, होटल, प्रमुख चौक-चौराहों तथा थानों के प्रवेश और निकास मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील स्थानों की निगरानी को पुलिस की प्राथमिकता में रखने पर जोर दिया गया। एसपी ने बीट पुलिसिंग के अनुरूप थानों में कार्यों का सुव्यवस्थित विभाजन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में स्पष्ट किया गया कि अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आम जनता के साथ बेहतर संवाद और त्वरित शिकायत निवारण पुलिस की प्राथमिकता होगी।

## सर्प दंश से युवक की मौत

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के नरखोरिया खुर्द गांव निवासी 29 वर्षीय अमित कुमार पिता वासुदेव प्रसाद की मौत सर्प दंश से हो गई। बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव को स्वजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार अमित कुमार मंगलवार को अपने बागवानी में घास आदि की सफाई कर रहा था, इसी दौरान कोबरा ने डंस लिया। तत्काल स्वजनों के द्वारा इलाज के लिये अमित को अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई। बावजूद स्वजन इलाज के लिये अमित को सीमावर्ती सोनभद्र जिले के जिला अस्पताल लोढ़ी ले गये। वहां भी चिकित्सक द्वारा मृत घोषित किये जाने के बाद झाड़-फूंक भी कराया गया। बताया जाता है कि 6 माह पूर्व अमित की शादी हुई थी, पत्नी गर्भवती है। मौत के बाद स्वजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। मौत की सूचना मिलने पर गुलाब फामेर्सी एवं गुलाब कॉलेज के निदेशक डॉ संतोष कुमार ने मृतक के घर पहुंच गहरा शोक जताया तथा स्वजनों को ढाढस बंधाया। शाम में गांव में ही बांकी नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## डीएलएसए सचिव ने दी संविधान और अधिकारों की जानकारी




**गढ़वा :** झालसा रांची के निर्देश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेश पर गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नालसा जागृति योजना 2025 के तहत सशक्त युवा, सशक्त भारत जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कानूनी साक्षरता, किशोर न्याय और न्याय तक पहुंच के प्रति जागरूक करना था। मौके पर मुख्य अतिथि डीएलएसए सचिव निभा रंजना लकड़ा ने छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि आज के युवा ही देश के भविष्य हैं। युवाओं की ऊर्जा से देश आगे बढ़ता है और सही दिशा मिलने पर वे इतिहास रच सकते हैं। उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुये कहा कि किताबों से दोस्ती करने वाला विद्यार्थी भविष्य में सफलता हासिल कर सकता है। उन्होंने बेटियों को शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों की जानकारी रखने पर भी जोर दिया। एलएडीसीएस सदस्य सुधीर तिवारी ने संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों की जानकारी दी। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने युवाओं से उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने हुनर के बल पर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद थे।

# युवा दिवस पर लक्ष्य तय कर सही राह चुनने की दी सीख




**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बुधवार को सोनपुरवा स्थित सक्षम कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में युवाओं को कानूनी जानकारी के साथ-साथ जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी रविंद्र पाठक ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के गठन एवं उसके उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद पीएलवी दीपक कुमार रवि ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके विचारों और युवाओं के लिये उनके संदेश पर प्रकाश डाला। पीएलवी तृप्ता भानु ने युवाओं को सशक्त बनने और अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिये स्पष्ट उद्देश्य निर्धारित करने तथा सही राह का चयन करने की सलाह दी। पीएलवी संगीता सिन्हा ने विशेष रूप से छात्राओं को संबोधित करते हुये गलत संगति और बहकावे से बचने की अपील की। पीएलवी संगीता देवी ने स्वामी विवेकानंद के कर्तव्य और कर्म के संदेश को आत्मसात करने की अपील करते हुये कहा कि युवा समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं। मौके पर जीडीए ट्रेनर स्मृति सिंह, सेंटर मैनेजर विनय कुमार, एफडी ट्रेनर मधु कुमारी, रंभा कुमारी, आईटी ट्रेनर मीनाक्षी तिवारी एवं एमएसटी ट्रेनर भूपेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## भाजपा नेता किशोर पांडेय ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर किया जनसंपर्क



**विश्रामपुर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर पांडेय ने पार्टी के तय कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान के तहत विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों से जनसंपर्क किया। उन्होंने पड़वा, बाना, तुकबेरा, इटको, कांडा, नावा, राजदिरिया, हटाई, तुलबुला, विश्रामपुर, बी-मोड़, रेहला, संखा, तोलरा, पजरी और ब्रह्ममोरिया में लोगों से संवाद कर अभियान की जानकारी दी। इस दौरान श्री पांडेय ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान के लिये हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। जनसंवाद में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों को तिरंगा पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। पांडेय ने लोगों से 15 अगस्त को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति एकजुटता, सम्मान और समर्पण का संदेश देना चाहिये।

### गढ़वा रोड के सबौना में कोयला लदी मालगाड़ी के 11 डिब्बे हुये थे बेपटरी

# 24 घंटे बाद सामान्य हुआ रेल परिचालन

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत गढ़वा रोड रेल जंक्शन के समीप सबौना में मंगलवार को कोयला लदी मालगाड़ी के 11 डिब्बे बेपटरी होने से प्रभावित रेल परिचालन करीब 24 घंटे बाद बुधवार को सामान्य हो गया। रेल प्रशासन ने दुर्घटना के बाद युद्धस्तर पर राहत और बहाली का काम शुरू किया। हालांकि दुर्घटनाग्रस्त रिवर्सल लाईन पर तकनीकी कार्य पूरा नहीं होने के कारण इस पर अभी परिचालन शुरू नहीं हो सका है। अधिकारियों के अनुसार गुरुवार से रिवर्सल लाइन पर भी परिचालन सामान्य होने की संभावना है। मंगलवार पूर्वाह्न दुर्घटना के बाद देर रात तक राहत और रेल पटरियों को दुरुस्त करने का काम चलता रहा। बाहर से एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन मंगाई गई। सड़क मार्ग से सैकड़ों रेलकर्मियों और मजदूरों को मौके पर लगाया गया। लगातार मेहनत कर बेपटरी हुये मालगाड़ी के डिब्बों को पटरी पर लाने के साथ क्षतिग्रस्त पटरियों की मरम्मत की गई। मंगलवार देर रात अप और डाउन रेल लाईनों पर कॉशन के साथ परिचालन शुरू कर दिया गया। बुधवार अपराह्न आवश्यक तकनीकी कार्य पूरा होने के बाद दोनों लाईनों पर रेल आवागमन सामान्य रूप से बहाल हो गया।




### डीआरएम समेत वरीय अधिकारी रातभर रहे मुस्तैद

धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्र समेत ऑपरेशन और ट्रैफिक विभाग के कई वरीय अधिकारी दुर्घटनास्थल पर रातभर मौजूद रहे। अधिकारियों की निगरानी में राहत और बहाली का काम तेजी से कराया गया। वहीं डीडीयू रेल मंडल के डीआरएम भी मुगलसराय से मौके पर पहुंचे और राहत व बहाली कार्य की निगरानी की।

### दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू

मालगाड़ी के बेपटरी होने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिये रेल प्रशासन ने संयुक्त जांच टीम गठित कर जांच का निर्देश दिया है। तकनीकी विशेषज्ञ दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। इधर रिवर्सल लाईन पर आवश्यक तकनीकी कार्य जारी है। गढ़वा रोड के समीप रिवर्सल लाईन पर एक माह से कुछ अधिक समय के अंतराल में यह दूसरी मालगाड़ी दुर्घटना हुई है। इससे पहले राजहरा में भी मालगाड़ी के बेपटरी होने

# पैदल गांव पहुंचे बीडीओ, अतिक्रमण हटवाया, यूरिया कालाबाजारी पर कार्रवाई



**बंशीधर न्यूज**

**बरडीहा :** बीडीओ सह सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने अपने प्रतिदिन के पैदल क्षेत्र भ्रमण अभियान के तहत सरसतिया और ओबरा गांव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। प्रशासन की सक्रियता और ग्रामीणों की सहभागिता से गांव में सफाई और अतिक्रमण हटाने को लेकर उत्साह दिखा। गांव की सीमा पर पहुंचते ही स्थानीय युवाओं ने बीडीओ सह सीओ का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर बने अवरोधों को हटाया गया। रास्ते में रखे बड़े पत्थर और गाड़े गये खूंटे ग्रामीणों के सहयोग से हटाये गये। सड़कों पर गंदा पानी बहाने वाले गृहस्वामियों से सोखता बनाने अथवा पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था करने की अपील की गई। अधिकारी की पहल से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने स्वयं कुदाल उठाकर बंद नालियों की सफाई की और सड़कें साफ कीं। प्राथमिक विद्यालय सरसतिया के निरीक्षण में शौचालय की सुविधा नहीं मिली। बीडीओ ने मौके पर मौजूद पंचायत मुखिया को नया शौचालय बनवाने अथवा पुराने शौचालय की तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया। वहीं ग्रामीणों ने गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत की। टीम के पहुंचते ही दुकानदार दुकानें बंद कर फरार हो गए। मौके से शराब की खाली बोतलें मिलीं। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि चिन्हित स्थानों पर छापेमारी कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। ओबरा गांव स्थित खाद-बीज भंडार में यूरिया की कालाबाजारी की शिकायत पर भी कार्रवाई की गई। दुकानदार दुकान बंद कर फरार हो गया, जिसे बाद में बुलाकर पूछताछ की गई। इसके बाद किसानों की सूची तैयार कर सरकारी दर पर यूरिया वितरण शुरू कराया गया।

## न्यूज अपडेट्स

### ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत, एक घायल-रेफर

**श्री बंशीधर नगर :** एनएच 39 पर यहां जोरमा गांव में बुधवार की दोपहर ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया। तत्काल एनएचएआई के एंबुलेंस से दोनों घायलों को इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने सीमावर्ती सोनभद्र जिले के विंढमगंज थाना क्षेत्र के जोरूखाड़ गांव निवासी 43 वर्षीय राजाराम भारती पिता छठू राम को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय सत्यम कुमार पिता सुरेंद्र राम ग्राम जोरूखाड़ को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घायल सत्यम के अनुसार दोनों एक बाईक पर सवार होकर अपने घर से श्री बंशीधर नगर आये थे, वापस घर जाते समय सामने से आ रही आयशर ट्रक से टक्कर हो गई। बाईक सवार को बचाने के दौरान ट्रक डिवाईडर पर चढ़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। जबकि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व बाईक को थाना लाया गया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक के घर कोहराम मच गया। वहीं पूरे गांव में मातम पसर गया।

**पहल** — समस्याओं का समाधान केवल आश्वासन से नहीं होता : दीपक

# दीपक ने स्वयं से जर्जर सड़क की कराई मरम्मत

### ग्रामीणों को आवागमन करने में मिली राहत

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड अंतर्गत हलिवंता कला पंचायत के मारुगंज टोला में लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़क की समस्या को लेकर युवा नेता एवं भवनाथपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी दीपक प्रताप देव ने पहल करते हुये अपने निजी खर्च से सड़क की मरम्मत कराई। सड़क की स्थिति खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर बरसात के दिनों में सड़क पर बने गड्ढों और कीचड़ के कारण राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों एवं स्कूली बच्चों को काफी परेशानी होती थी। ग्रामीणों द्वारा सड़क की समस्या की जानकारी दीपक प्रताप देव को दिये जाने के बाद उन्होंने मौके की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद संबंधित सड़क की मरम्मत अपने निजी खर्च से कराने की पहल की। सड़क पर आवश्यक सामग्री डालकर गड्ढों को भरने तथा आवागमन योग्य बनाने का कार्य कराया गया। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस अवसर पर दीपक प्रताप देव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान केवल आश्वासन देने से नहीं, बल्कि जरूरत के समय धरातल पर काम करने से होता है। उन्होंने कहा कि मारूगंज टोला के लोगों ने सड़क की समस्या से अवगत कराया था। सड़क की खराब स्थिति को देखते हुये तत्काल निजी स्तर पर मरम्मत कराने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और आम लोगों की सुविधाओं को लेकर वे लगातार प्रयासरत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को किसी भी छोटी-बड़ी समस्या के लिये परेशान नहीं होना पड़े, इसके लिये वे हमेशा लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और यथा संभव समाधान कराने का प्रयास करेंगे। श्री देव ने कहा कि राजनीति उनके लिये केवल पद हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सेवा का जरिया है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आगे भी लगातार आवाज उठाते रहेंगे और जरूरत पड़ने पर अपने स्तर से भी सहयोग करेंगे। सड़क की मरम्मत होने पर मारूगंज टोला के ग्रामीणों ने दीपक प्रताप देव के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से सड़क की स्थिति खराब होने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही थी। फिलहाल सड़क बनने से लोगों को काफी राहत मिली है।

## समृद्धि प्रशांत सहाय ने अपने ग्रुप में हासिल किया प्रथम स्थान

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्लस टू हाईस्कूल के सभागार में आयोजित अनुमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर की छात्रा समृद्धि प्रशांत सहाय ने कक्षा 9 से 10 के समूह में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति, आत्मविश्वास और विषय पर मजबूत पकड़ के बल पर समृद्धि ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और अपने समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी प्रतिभा और विचारों को प्रस्तुत किया। कक्षा 9 से 10 के समूह में सोशल मीडिया का दुरुपयोग विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में समृद्धि प्रशांत सहाय ने सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग के साथ इसके बढ़ते दुरुपयोग और समाज पर पड़ने वाले प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति में



जागरूकता, तार्किकता और आत्मविश्वास की झलक दिखाई दी। इस वर्ग में मेहक सानिया ने द्वितीय तथा अनन्या निधि ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 11 से 12 के समूह में एआई बुद्धिमत्ता, अवसर एवं चुनौतियां विषय पर सुहानी पांडेय ने प्रथम स्थान एवं शुभ आदित्य ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

कक्षा 6 से 8 के समूह में सड़क सुरक्षा का महत्व विषय पर आकांक्षा चौबे ने प्रथम, दीपिका चौबे ने द्वितीय तथा दीक्षा पांडेय एवं निशा पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 1 से 5 के समूह में स्वच्छता अपनाएं, बीमारी भगाएं विषय पर अनिका कुमारी ने प्रथम, पावस कुमार ने द्वितीय तथा रचित देव पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में दिनेश कुमार शुक्ल, दिनेश कुमार सिंह, अशोक सिंह, अखिलेश प्रसाद, रवि शंकर प्रसाद, नीरज कुमार, सीता राम मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार पांडेय एवं देव शंकर प्रसाद ने किया। उस मौके पर बजेंद्र कुमार, नंदलाल पांडेय, राम कुमार वैध, अश्विनी चौबे, मंटू कुमार, भावना ओझा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रथम गढ़वा जिला अंतर स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाईनल मुकाबले

# इंद्रदेव ने 2-0 से हराया, जीएन कॉन्वेंट ने टाई ब्रेकर में मारी बाजी

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** जिला प्रशासन एवं जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रथम गढ़वा जिला अंतर स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाईनल मुकाबले खेले गये। रोमांचक मुकाबलों में इंद्रदेव पब्लिक स्कूल, ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल और बीएसकेडी गढ़वा ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम को वॉकओवर मिला। पहले



क्वार्टर फाईनल में इंद्रदेव पब्लिक स्कूल ने आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव को 2-0 से हराया। विजेता टीम की ओर से अनुराधा सिंह ने पहले हाफ के दूसरे मिनट में गोल कर बढ़त दिलाई। इसके बाद रविरंजन रवि ने 12वें मिनट में दूसरा गोल कर टीम की जीत पक्की कर दी। दूसरे क्वार्टर फाईनल में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा और मिलेनियम पब्लिक स्कूल के बीच मुकाबला होना था। मिलेनियम पब्लिक स्कूल की टीम के मैदान पर नहीं पहुंचने के कारण आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा को वॉकओवर दिया गया और उसे विजेता घोषित किया गया। तीसरे मुकाबले में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल और ब्राईट फ्यूचर के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। इसके बाद टाई ब्रेकर में जीएन कॉन्वेंट ने 3-2 से जीत दर्ज कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। चौथे क्वार्टर फाइनल में बीएसकेडी गढ़वा ने इंडियन पब्लिक स्कूल को 1-0 से हराया। मैच से पूर्व पूर्व जिला फुटबॉल खिलाड़ी अनूप कुमार चौधरी, अशोक विश्वकर्मा, एसएन पांडेय और धर्मराज भारती ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना, अनुशासन, धैर्य और सहनशीलता के साथ खेलने की अपील की। प्रतियोगिता जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित हो रही है। मौके पर अभिषेक द्विवेदी, धर्मराज भारती, आनंद यादव, फुटबॉल कोच सोनी कुमारी, आशीष कुमार, टेक्निकल टीम के संजय कुमार, विजय सिंह, रंजन, सोन, सुशील, अल्ताफ आदि उपस्थित थे।

## वेतन में विलंब से जीपीएफ ब्याज का नुकसान, रिपोर्ट भेजने की मांग




**गढ़वा :** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा की बैठक गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय में हुई। इसमें शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुये कई प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक के बाद डीईओ जगरनाथ लोहरा को मांगपत्र सौंपा गया। डीईओ ने सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर समाधान का आश्वासन दिया।बैठक में प्रमंडलीय अध्यक्ष विश्व विजय सिंह ने कहा कि शिक्षकों को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी ध्यान में रखना चाहिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने की पाठशाला है। शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये शिक्षकों का सम्मान और प्रशासनिक पारदर्शिता जरूरी है। संघ ने दो वर्ष की सेवा पूरी कर चुके पीजीटी शिक्षकों और प्रयोगशाला सहायकों की सेवा संपुष्टि के लिये आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। शिक्षकों ने समय पर वेतन भुगतान नहीं होने से होने वाली परेशानियों का मुद्दा भी उठाया। कहा गया कि वेतन में विलंब से जीपीएफ पर मिलने वाले ब्याज की राशि का नुकसान होता है। डीडीओ स्तर से समय पर क्वार्टरली रिपोर्ट नहीं भेजे जाने के कारण शिक्षकों पर अनावश्यक आर्थिक दंड व अधिभार का बोझ बढ़ता है। इसका स्थायी समाधान करने की मांग की गई। एक ही स्थान पर लंबे समय से प्रतिनियोजित कर्मियों को मूल कार्यालय में योगदान कराने की मांग भी की गई। कांडी में प्रतिनियोजित प्रभारी प्रधानाध्यापक मलय कुमार सिंह पर लगाये गये आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। छात्रहित में पाठ्यपुस्तकों को सीधे विद्यालयों तक पहुंचाने का सुझाव दिया गया। संघ के जिला अध्यक्ष सीएम पांडेय ने कहा कि शिक्षक संघ केवल संघर्ष का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक सुधार का माध्यम है। बैठक में सचिव रामप्रसाद पाठक, रवि शंकर ओझा, रमाशंकर देव, श्रीकृष्ण तिवारी, अमिताभ पांडेय, विवेक कुमार सिंह, अतुल कुमार यादव, सपन कुमार, दिनेश कुमार सिंह, प्रताप मिंज, स्मित अग्रहरि, मलय कुमार सिंह, ओमप्रकाश, प्रवीण कुमार, रवि शंकर ओझा सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## शराब दुकान से 80 हजार रु की हुई चोरी के मामले में पूर्व कर्मी गिरफ्तार



**पांडू :** पुलिस ने पांडू बाजार स्थित अनुज्ञप्तिधारी शराब दुकान से करीब 80 हजार रुपये चोरी मामले में दुकान के पूर्व कर्मी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त बाईक, चोरी की रकम में से 15 हजार रुपये और मोबाईल बरामद किया है। जानकारी के अनुसार डेहरी ऑन सोन निवासी विनय कुमार के लिखित आवेदन पर पांडू थाना में 7 अगस्त को मामला दर्ज की गई थी। आवेदन में बताया गया था कि छह अगस्त की रात चोरों ने शराब दुकान का ताला खोलकर नगदी रखने वाला छोटा बक्सा समेत उसमें रखे करीब 80 हजार रुपये चुरा लिये। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सहायता से दुकान के पूर्व कर्मी आनंद सिंह (28) को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आनंद ने चोरी की बात स्वीकार की। उसने बताया कि करीब एक माह पूर्व वह दुकान की चाबी का एक सेट अपने घर ले गया था। छह अगस्त को पांडू से गढ़वा शराब दुकान में स्थानांतरण के बाद वह रात में अपने गांव के पपुन सिंह के साथ बाईक से पांडू आया। दोनों ने पहले लकड़ी की मदद से दुकान के सीसीटीवी कैमरे को ऊपर कर दिया और चाबी से ताला खोलकर चोरी की। पुलिस ने आनंद सिंह की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाईक (जेएच03एयू4398), चोरी की रकम में से 15 हजार रुपये और हल्के हरे रंग का रियलमी नारजो एंड्रॉयड मोबाईल बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी राजबंधा, पोस्ट बंका, थाना मेराल गढ़वा का रहने वाला है। थाना प्रभारी बिगेश कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



## फिल्म 'राका' की रिलीज से पहले लीक हुआ दीपिका का रोल

निर्देशक एटली की बहुचर्चित फिल्म 'राका' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अल्लू अर्जुन अभिनीत इस मेगा बजट फिल्म के प्रमुख किरदारों से जुड़ी कुछ जानकारियां कथित तौर पर लीक हो गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में दीपिका पादुकोण एक गर्भवती महिला की भूमिका निभाएंगी, जिसका अपने अस्तित्व और सुरक्षा के लिए संघर्ष कहानी का अहम हिस्सा होगा। बताया जा रहा है कि दीपिका ने गर्भावस्था के दौरान भी फिल्म की शूटिंग की है। रश्मिका मंदाना फिल्म में एक गाइड और रक्षक की भूमिका में नजर आएंगी, जो दीपिका के किरदार को एक रहस्यमयी और वैदिक प्रेरित खतरनाक दुनिया में सुरक्षित रखने का प्रयास करती है। इसके अलावा जान्हवी कपूर एक आदिवासी रानी के किरदार में दिखाई देंगी, जिसकी भूमिका कहानी की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि, निमार्ताओं की ओर से इन किरदारों को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। भारतीय सिनेमा की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में शामिल मानी जा रही 'राका' को भव्य स्तर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म में अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में हैं और इसे दिसंबर 2027 में रिलीज करने की योजना है। हालांकि, रिलीज की सटीक तारीख का ऐलान अभी बाकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

## सलमान खान ने खोला 'बिग बॉस 20' का सबसे बड़ा राज



रियलिटी शो 'बिग बॉस हिंदी' अपने 20वें सीजन के साथ नए ट्विस्ट और बदले हुए गेमप्ले के साथ वापसी के लिए तैयार है। जियोहॉटस्टार और कलर्स ने शो का आधिकारिक ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें सलमान खान ने इस सीजन के सबसे बड़े ट्विस्ट 'एक्स्ट्रा जीवनदान' से पर्दा उठाया। ट्रेलर में सलमान एक मुकाबले के बीच पहुंचकर गेम रोकते हैं और अपने खास अंदाज में कहते हैं, बिग बॉस में मिलेगा, मेरी जान... एक्स्ट्रा जीवनदान। नए ट्विस्ट के मुताबिक, इस बार घर में हर कंटेस्टेंट को एक अतिरिक्त मौका मिलने वाला है। हालांकि यह जीवनदान कब, कैसे और किस परिस्थिति में काम आएगा, इसकी पूरी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। यही इस सीजन के सबसे बड़े सस्पेंस में से एक होगा। शो के ट्रेलर से साफ है कि इस बार प्रतियोगियों के लिए सुरक्षित तरीके से खेलना आसान नहीं होगा। उन्हें जोखिम उठाने, रणनीति बदलने और सही समय पर मिले इस अतिरिक्त मौके का इस्तेमाल करने की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। 20वें सीजन के ऐतिहासिक पड़ाव पर जियोस्टार में हिंदी एवं इंग्लिश एंटरटेनमेंट बिजनेस के हेड आलोक जैन ने कहा कि 20 सीजन पूरे करना किसी भी एंटरटेनमेंट फ्रेंचाइजी के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इस बार गेमप्ले में नई परतें और चुनौतियां जोड़ी गई हैं, जो प्रतियोगियों को लगातार अपनी रणनीतियों पर दोबारा विचार करने के लिए मजबूर करेंगी।



**बलूचिस्तान के सुराब में पाकिस्तानी हवाई हमले का दावा, 30 से अधिक लोगों की मौत का दावा**

# साइकिल सिर्फ सफर का साधन नहीं, बेटियों के विकास का पहिया : डीसी

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** कल्याण विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत स्थानीय केजी बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कक्षा आठ में अध्ययनरत एससी-एसटी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग की कुल 34 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। डीसी ने छात्राओं को साइकिल मिलने पर बधाई देते हुये कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्राएं विद्यालय आती हैं। साइकिल मिलने से उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उनकी शिक्षा की राह आसान बनेगी। उन्होंने कहा कि साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि विकास का पहिया है। इससे छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने और आगे की पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में पौधरोपण भी किया। उन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए सरकार की ओर से संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी और इसका लाभ उठाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से छात्राएं अपने सपनों को साकार करने के साथ परिवार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।



## पंचायत चुनाव 2027 की तैयारी तेज, पलामू में मतदान केंद्रों की सूची पर 1 सितंबर से शुरू होगी आपत्ति प्रक्रिया

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** झारखंड में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) सह डीसी ने जिले के सभी बीडीओ को मतदान केंद्रों की स्थापना एवं सूची तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों की सूची तैयार कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसका प्रकाशन किया जायेगा। जारी पत्र के अनुसार मतदान केंद्रों की सूची का प्रारूप प्रकाशन एवं सूची से संबंधित आपत्ति, दावा और सुझाव प्राप्त करने की प्रक्रिया 1 सितंबर से 8 सितंबर 2026 तक चलेगी। प्राप्त आपत्तियों, दावों एवं सुझावों का निष्पादन 9 सितंबर से 12 सितंबर तक किया जायेगा। इसके बाद मतदान केंद्रों की सूची को 15 सितंबर से 25 सितंबर 2026 के बीच राज्य निर्वाचन आयोग से अनुमोदन प्राप्त करने के लिये भेजा जायेगा। अनुमोदन के बाद मतदान केंद्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितंबर 2026 को किया जाना निर्धारित है। निर्वाचन कार्यालय की ओर से यह भी निर्देश दिया गया है कि अंतिम रूप से प्रकाशित मतदान केंद्रों की सूची की एक प्रति तथा उसकी पेन ड्राईव में सॉफ्ट कॉपी (पीडीएफ) 5 अक्टूबर 2026 तक राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड, रांची को उपलब्ध कराई जाय।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**उंटारी रोड :** पुलिस ने करकटा में हुई चोरी के प्राथमिकी अभियुक्त उसी गांव के मंटू कुमार पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी संतोष गिरी ने इसकी जानकारी देते हुये बताया कि मंटू कुमार पासवान पिता रामबड़ाईक पासवान करकटा गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**मेदिनीनगर :** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द गांव के समीप बुधवार को रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शशिकांत शुक्ला के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ कर घटना की जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## लाठी नहीं, लोकतंत्र से देंगे जवाब, छात्रों के न्याय के लिये सत्याग्रह : सूर्या सोनल सिंह



**मेदिनीनगर :** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर बुधवार को मेदिनीनगर कचहरी परिसर में झारखंड छात्र न्याय सत्याग्रह लाठी का जवाब लोकतंत्र से के तहत छात्रों के समर्थन में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना एवं सत्याग्रह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सूर्या सोनल सिंह ने किया और उन्होंने छात्रों के न्याय की मांग को लेकर एक दिवसीय अनशन किया। सत्याग्रह में छात्रों, युवाओं, अभिभावकों एवं समर्थकों ने काली पट्टी बांधकर 10 अगस्त को रांची में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई एवं लाठीचार्ज के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि छात्रों की जायज मांगों का समाधान संवाद के माध्यम से होना चाहिये, बल प्रयोग के जरिये नहीं। सूर्या सोनल सिंह ने कहा कि अपने अधिकारों और भविष्य से जुड़े सवालों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिये गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं के अधिकार और भविष्य पर विचार करने का दिन है, लेकिन झारखंड के युवाओं को अपनी मांगों के लिये संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने 10 अगस्त की घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच, दोषी अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई, घायल छात्रों को उचित मुआवजा व चिकित्सा सहायता तथा सरकार से छात्रों के साथ तत्काल संवाद की मांग की। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता, लोकतंत्र और अधिकारों का प्रतीक है। यदि छात्रों की मांगों पर न्यायपूर्ण पहल नहीं हुई और आंदोलन जारी रहा, तो स्वतंत्रता दिवस के बाद वह स्वयं रांची पहुंचकर छात्रों के साथ लोकतांत्रिक सत्याग्रह में शामिल होंगे। उन्होंने सत्याग्रह में शामिल छात्रों, युवाओं, अभिभावकों एवं आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नगर निगम बोर्ड ने दी 76 नई योजनाओं को मंजूरी, बैरिया बस स्टैंड बनेगा ट्रांसपोर्ट नगर



**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम बोर्ड की बुधवार को हुई बैठक में शहर के विकास, सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। जनहित को प्राथमिकता देते हुये 76 नई योजनाओं को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। इन योजनाओं का जल्द टेंडर निकालकर कार्य शुरू कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में मेयर अरुणा शंकर, डिप्टी मेयर मनोज कुमार सिंह समेत वार्डों के पार्षद मौजूद थे। बैठक में बैरिया स्थित पुराने बस स्टैंड को ट्रांसपोर्ट नगर के रूप में विकसित करने की योजना को मंजूरी दी गई। यहां बाउंड्रीवाल, शौचालय और गार्ड रूम का निर्माण कराया जायेगा। परिसर की दुकानों को व्यवस्थित करने के साथ नहर को भरकर सड़क चौड़ीकरण के लिये प्राक्कलन तैयार कराया जायेगा। वहीं बहलोलवा में प्रस्तावित बस स्टैंड की योजना निरस्त करने और जुडको को पत्र भेजने पर सहमति बनी। नये बस स्टैंड टर्मिनल के लिये एनएच से सटे टिकुलिया क्षेत्र में जमीन तलाशकर प्रस्ताव डीसी को भेजा जायेगा। निगम के विभिन्न करों का भुगतान स्कैनर और क्यूआर कोड से कराने की व्यवस्था जल्द लागू होगी। नागरिक शिकायतों के त्वरित समाधान और निगरानी के लिए नगर निगम का मोबाईल एप भी विकसित किया जायेगा। बैठक में नगर आयुक्त रंजीत कुमार लाल, अपर नगर आयुक्त विनोद कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रमोद उरांव सहित सभी वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

# जनता को कार्यालयों के चक्कर नहीं, समय पर न्याय और समाधान चाहिये : केएन त्रिपाठी

बंशीधर न्यूज

**सतबरवा :** पंचायत परामर्श यात्रा के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। यात्रा के दौरान बकोरिया, रबदा, दुलसुलम, सतबरवा, पोंची, धावाडीहा, रेवारातु, घुटूआ, बोहिता एवं बारी पंचायतों में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया। इस दौरान प्रखंड, अंचल एवं थाना स्तर की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि कई मामलों में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में आवेदन और शिकायत देने के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं होती। इसके कारण उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। वहीं थाना स्तर पर मामलों के निष्पादन में देरी और भाषा से जुड़ी परेशानी का मुद्दा भी ग्रामीणों ने प्रमुखता से उठाया। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि पंचायत परामर्श यात्रा का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को उनके बीच जाकर समझना और उनकी आवाज को मजबूती से उठाना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और सरकारी कार्यालयों की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिये, जहां लोगों को अपनी समस्या के समाधान के लिये अनावश्यक रूप से बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रखंड, अंचल और थाना स्तर पर आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान होना चाहिये। ग्रामीणों की भाषा और स्थानीय परिस्थितियों को समझते हुये प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ काम करना चाहिये। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रामचंद्र दीक्षित, जिला महासचिव विवेका त्रिपाठी, रवींद्र तिवारी, कामाख्या यादव, नन्हे खान, सुरेश पाठक, बबलू दुबे, नसीम अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)